Bill de Blasio
Mayor

Department of
Consumer Affairs

Julie Menin
Commissioner

HINDI

# सवेतन बीमारी अवकाश: कर्मचारियों को क्या जानने की ज़रूरत है

न्यूयॉर्क सिटी के Earned Sick Time Act (Paid Sick Leave Law) [अर्जित बीमारी समय अधिनियम (सवेतन बीमारी अवकाश कानून)] के तहत, इसके अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों के पास स्वयं या परिवार के किसी सदस्य की देखभाल और उपचार के लिए बीमारी के अवकाश का उपयोग करने का अधिकार है।

उपभोक्ता कार्य विभाग (Department of Consumer Affairs - DCA) ने यह पत्रक कर्मचारियों को कानून के तहत उनके अधिकारों के बारे में मार्गदर्शन देने के लिए तैयार किया है। उपयुक्त होने पर DCA इस पत्रक को नवीनतम रूप देगा। कृपया पत्रक के नीचे तारीख नोट करें। कानून या कानून के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न पढ़ने के लिए **nyc.gov/PaidSickLeave** पर जाएं।

## कानून के अंतर्गत आने वाले/न आने वाले कर्मचारी

| आने वाले | न आने वाले |
|---|---|
| • फुल-टाइम कर्मचारी<br>• पार्ट-टाइम कर्मचारी<br>• परिवर्तनशील रोजगार कार्यक्रम के कर्मचारी<br>• दर्ज न किए गए कर्मचारी<br>• ऐसे कर्मचारी जो परिवार के सदस्य हैं लेकिन मालिक नहीं हैं<br>• ऐसे कर्मचारी जो न्यूयॉर्क सिटी से बाहर रहते हैं<br><br>कर्मचारी न्यूयॉर्क सिटी में हर कैलेंडर वर्ष में 80 से अधिक घंटे कार्य अवश्य कर रहे हों।<br><br>पिछली तरफ "घरेलू कामगार" खंड देखें। | • वे कर्मचारी जो न्यूयॉर्क सिटी में हर कैलेंडर वर्ष में 80 या इससे कम घंटे कार्य करते हैं<br>• केन्द्रीय सरकार के कार्य-अध्ययन कार्यक्रमों के अन्तरगत विद्यार्थी<br>• वे कर्मचारी जिनके कार्य की योग्य छात्रवृत्ति कार्यक्रमों द्वारा क्षतिपूर्ति की जाती है<br>• सरकारी एजेसिंयों के कर्मचारी<br>• ऐसे शारीरिक थेरपिस्ट, व्यावसायिक थेरपिस्ट, बोली जाने वाली भाषा के रोग-वैज्ञानिक, श्रवण-वैज्ञानिक जिन्हें न्यूयॉर्क राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा लाइसेंस दिया गया है<br>*ये पेशेवर उस स्थिति में कानून के अंतर्गत शामिल नहीं है अगर वे सौंपे गए काम के लिए इच्छा के अनुसार आते हैं; स्वयं के काम का कार्यक्रम निर्धारित करते हैं; उनके पास स्वयं को भेजे गए किसी काम को अस्वीकार या स्वीकार करने की योग्यता है; और उन्हें औसत वार्षिक वेतन का भुगतान किया जाता है, जो न्यूनतम संघीय वेतन का कम से कम चार गुणा है।*<br>• ऐसे स्वतंत्र ठेकेदार जो New York State Labor Law (न्यूयॉर्क राज्य श्रमकानून) के अंतर्गत किसी कर्मचारी की परिभाषा को पूरा नहीं करते हैं (**labor.ny.gov** पर जाएं और "Independent Contractors" (स्वतंत्र ठेकेदार) खोजें।)<br>• कार्य अनुभव कार्यक्रमों (Work Experience Programs - WEP) में प्रतिभागी<br>• सामूहिक सौदेबाज़ी करार के अंतर्गत आने वाले निश्चित कर्मचारी |

*ध्यान दें:* अगर आपके नियोक्ता के यहाँ ऐसी मौजूदा नीति है जो कर्मचारियों को बीमारी के अवकाश का उपयोग करने की अनुमति देती है, तो उस नीति को कानून की अपेक्षाएं पूरी करना आवश्यक है या वे इससे बेहतर होनी चाहिए।

## कर्मचारी अधिकारों का नोटिस

| कर्मचारी | वह तारीख जिस पर कर्मचारियों को लिखित नोटिस देय होता है |
|---|---|
| नए<br>*पहली बार 1 अप्रैल 2014 को या इसके बाद नियोजित* | रोजगार का पहला दिन |
| मौजूदा<br>*1 अप्रैल 2014 से पहले नियोक्ता के लिए पहले से कार्यरत* | 1 मई 2014 |

अगर आप इसके अंतर्गत आने वाले कर्मचारी हैं, तो आपके नियोक्ता द्वारा आपको बीमारी के अवकाश के आपके अधिकार का लिखित नोटिस अवश्य देना होगा । आपके पास नोटिस अंग्रेज़ी में और, अगर DCA की वेबसाइट पर उपलब्ध हो, तो अपनी प्राथमिक भाषा में नोटिस प्राप्त करने का अधिकार है। नोटिस की प्रति अपने पास रखें।

## बीमारी के अवकाश की मात्रा (अगर लागू हो, तो पिछली तरफ "घरेलू कामगार" खंड देखें।)

| नियोक्ता द्वारा नियोजित कर्मचारियों की संख्या | प्रति कैलेंडर वर्ष बीमारी के अवकाश की मात्रा* | सवेतन या अवेतन बीमारी अवकाश | भुगतान की दर |
|---|---|---|---|
| 5 या अधिक | 40 घंटे तक | सवेतन | नियमित घंटा दर लेकिन 8 प्रति घंटा (न्यूनतम वेतन) से कम नहीं |
| 1-4 | 40 घंटे तक | अवेतन | लागू नहीं |

*ध्यान दें: "कैलेंडर वर्ष" का अर्थ किसी नियोक्ता द्वारा निर्धारित 12 महीने की नियमित और लगातार समयावधि है। कर्मचारियों के अधिकार संबंधी नोटिस में नियोक्ता के कैलेंडर वर्ष का उल्लेख होना आवश्यक है।

## बीमारी का अवकाश का संग्रहण और उसका उपयोग - महत्वपूर्ण तारीखें (अगर लागू हो, तो नीचे "घरेलू कामगार" खंड देखें।)

| संग्रहण की दर | संग्रहण आरंभ होने की तारीख | तारीख जब बीमारी का अवकाश उपयोग के लिए उपलब्ध होता है |
|---|---|---|
| 1 घंटा - कार्य किए गए प्रत्येक 30 घंटों के लिए | 1 अप्रैल 2014 *(मौजूदा कर्मचारी)* | 30 जुलाई 2014 *(मौजूदा कर्मचारी)* |
| | रोजगार का पहला दिन *(नया कर्मचारी)* | रोजगार के पहले दिन के बाद 120 दिन *(नया कर्मचारी)* |

*अपवाद*: अगर आप किसी ऐसे सामूहिक सौदेबाज़ी करार द्वारा इसके अंतर्गत आते हैं जो 1 अप्रैल 2014 को लागू हो, तो आप उस तारीख से शुरू करते हुए, जिस पर करार समाप्त होता है, सिटी के कानून के तहत बीमारी के अवकाश का संग्रहण आरंभ कर देते हैं।

आपके बीमारी के अवकाश की मात्रा और आपके बीमारी के अवकाश के संग्रहण और इसके उपयोग को दिखाने वाले सारे दस्तावेज़ों की प्रति रखें।

## बीमारी के अवकाश का उपयोग करने के लिए स्वीकार्य कारण

आप बीमारी के अवकाश का उपयोग कर सकते हैं जब:

- आपको कोई मानसिक या शारीरिक बीमारी, चोट या स्वास्थ्य स्थिति हो; आपको कोई चिकित्सकीय निदान, देखभाल या अपनी मानसिक या शारीरिक बीमारी, चोट या स्थिति का उपचार प्राप्त करने की ज़रूरत हो; आपको रोकथाम करने संबंधी चिकित्सकीय देखभाल प्राप्त करने की आवश्यकता हो।
- आप अनिवार्य रूप से परिवार के किसी ऐसे सदस्य की देखभाल करते हों जिसे चिकित्सकीय निदान, देखभाल या किसी मानसिक या शारीरिक बीमारी, चोट या स्वास्थ्य की स्थिति का उपचार प्राप्त करने की ज़रूरत हो या जिसे रोकथाम करने संबंधी चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने की आवश्यकता हो।
- आपके नियोक्ता का व्यवसाय किसी लोक स्वास्थ्य आपातकाल के कारण बंद हो जाता है या आपको किसी ऐसे बच्चे की देखभाल करने की आवश्यकता है जिसके स्कूल या बाल देखभाल प्रदाता ने किसी लोक स्वास्थ्य आपातकाल के कारण कार्य बंद कर दिया है।

कानून के तहत निम्नलिखित को परिवार के सदस्य माना जाता है: बच्चा; पोता/पोती/नाती/नतिनी; पत्नी/पति; डोमेस्टिक पार्टनर; माता/पिता; दादा/दादी/नाना/नानी; किसी कर्मचारी की पत्नी/पति या डोमेस्टिक पार्टनर का बच्चा या माता/पिता; भाई/बहन (आधे, गोद लिए गए या सौतेले भाई/बहन सहित)।

## अग्रिम नोटिस

अगर आवश्यकता का पहले से अनुमान लगाया जा सकता हो, तो आपका नियोक्ता बीमारी के अवकाश का उपयोग करने के आपके इरादे के सात दिन तक के अग्रिम नोटिस की मांग कर सकता है। अगर आवश्यकता का पहले से अनुमान नहीं लगाया जा सकता है, तो आपका नियोक्ता व्यावहारिक (तर्कसंगत) होने पर आपसे जल्दी से जल्दी नोटिस देने की मांग कर सकता है। आपका नियोक्ता आपसे इस बारे में लिखित सत्यापन देने की मांग कर सकता है कि आपने बीमारी के अवकाश का बीमारी के अवकाश के उद्देश्यों के लिए उपयोग किया है।

## लिखित प्रमाण

आपका नियोक्ता उस स्थिति में किसी लाइसेंसयुक्त स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से लिखित प्रमाण उपलब्ध कराने की मांग कर सकता है अगर आप तीन से अधिक लगातार कार्यदिवसों का बीमारी के अवकाश के रूप में उपयोग करते हैं। Paid Sick Leave Law (सवेतन बीमारी अवकाश कानून) नियोक्ताओं को स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं द्वारा बीमारी के अवकाश के चिकित्सकीय कारण बताने की मांग करने से मना करता है। खुलासा अन्य कानूनों द्वारा अपेक्षित हो सकता है।

## उपयोग न किया गया बीमारी का अवकाश

आप 40 घंटे के उपयोग न किए गए बीमारी के अवकाश को अगले कैलेंडर वर्ष में ले जा सकते हैं। फिर भी, आपके नियोक्ता द्वारा आपको केवल प्रति कैलेंडर वर्ष में 40 घंटे तक के बीमारी के अवकाश का उपयोग करने देने की ही ज़रूरत होती है।

## बदला लेना

आपका नियोक्ता बीमारी के अवकाश का अनुरोध करने या इसका उपयोग करने के लिए आपसे बदला नहीं ले सकता। बदले में कानून के अंतर्गत आश्वासन दिए गए किसी अधिकार का उपयोग करने या उपयोग करने का प्रयास करने के लिए आपको दी जाने वाली कोई धमकी, दंड, कार्यमुक्त करना, पदावनति, निलंबन या आपके घंटों में कमी या आपके विरुद्ध कोई प्रतिकूल रोजगार कार्रवाई शामिल है।

## शिकायतें

आप DCA के यहाँ शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत फॉर्म प्राप्त करने के लिए, nyc.gov/PaidSickLeave पर ऑनलाइन जाएं या **311** (NYC से बाहर 212-NEW-YORK) पर संपर्क करें।

DCA जाँच-पड़ताल आयोजित करेगा और आपकी शिकायत के संबंध में मध्यस्थता करने का प्रयास करने के लिए आपके नियोक्ता के साथ काम करेगा। DCA आपकी पहचान को गोपनीय रखेगा बशर्ते कि जाँच-पड़ताल करने, शिकायत के संबंध में मध्यस्थता करने के लिए खुलासा करना आवश्यक न हो या जब तक यह कानून द्वारा अपेक्षित न हो।

घरेलू कामगार

*नीचे सिटी के कानून के तहत घरेलू कामगारों से संबंधित बीमारी के अवकाश की मात्रा और बीमारी के अवकाश के संग्रहण और इसके उपयोग के बारे में सूचना दी गई है। यह अवकाश उस तीन दिन के सवेतन आराम के अतिरिक्त है जिसके लिए आप न्यूयॉर्क राज्य के श्रम कानून के तहत हकदार हैं।* ***labor.ny.gov*** *पर जाएं और "Domestic Workers' Bill of Rights" (घरेलू कामगारों के अधिकारों का विधेयक) खोजें। इस पत्रक पर सारी अन्य सूचना आप पर लागू होती है।*

| बीमारी के अवकाश की मात्रा प्रति कैलेंडर वर्ष | सवेतन या अवेतन | भुगतान की दर |
|---|---|---|
| 2 दिन | सवेतन | नियमित घंटा दर लेकिन 8 प्रति घंटा से कम नहीं (वर्तमान न्यूनतम वेतन) **labor.ny.gov** पर जाएं और "Minimum Wage" (न्यूनतम वेतन) खोजें। |

| संग्रहण की दर | संग्रहण आरंभ होने की तारीख | तारीख जब बीमारी का अवकाश उपयोग के लिए उपलब्ध होता है |
|---|---|---|
| 1 वर्ष के बाद 2 दिन कार्यस्थल पर | DCA, nyc.gov/PaidSickLeave पर मार्गदर्शन प्रदान करेगा | DCA, nyc.gov/PaidSickLeave पर मार्गदर्शन प्रदान करेगा |

**प्रश्न पूछने हैं?** DCA से संपर्क करने के लिए, nyc.gov/PaidSickLeave पर जाएं, PaidSickLeave@dca.nyc.govको ई-मेल भेजें या **311** पर फोन करें और बीमारी के सवेतन अवकाश के बारे में सूचना माँगें।